हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# पर्यावरण दिवस को खास बनाने स्कूल में जितने विद्यार्थी उतने पौधे लगाने का लक्ष्य

## एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियानः शासन से जारी निर्देश बाद जिला शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक पेड़ मां के नाम अभियान का दूसरा चरण जल्द शुरू होने जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के तहत इस बार एक कदम आगे बढ़कर पर्यावरण को सहेजने का काम किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस से इसकी शुरूआत होगी। पांच जून को जिले की समस्त सरकारी स्कूलों में एक साथ पौधरोपण किया जाएगा। खास बात यह है कि सरकारी स्कूलों में दर्ज विद्यार्थी संख्या अनुसार पेड़ लगाने का टारगेट दिया गया है। जिले की स्कूलों में इस दिन करीबन 1.33 लाख पौधे रोपे जाएंगे। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा विभाग ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल से ही केंद्र सरकार ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। इस बार इस अभियान को आगे बढ़ाते एक पेड़ मां के नाम 2.0 लांच किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत पांच जून के दिन जिलेभर के स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तर, अस्पताल परिसर, आंगनबाड़ी केंद्रों की खाली जमीन पर छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इस आयोजन में नगर वन, पार्क, ग्रीन बेल्ट, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग, प्रमुख सड़कें, जलसंरचना, कैचमेंट एरिया, नदी किनारे, रिचार्ज जोन, नहर और अमृत सरोवर जैसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भी अभियान में जोड़ा जाएगा।

### ब्लॉकवार जारी किए टारगेट

जिला शिक्षा विभाग ने ब्लॉकवार पौधरोपण के टारगेट तय कर दिए हैं। राजनांदगांव ब्लॉक में 47953 पौधे रोपे जाएंगे। छुरिया ब्लॉक में 31485, डोंगरगांव ब्लॉक में 22284 और डोंगरगढ़ ब्लॉक में 32119 पेड़ रोपे जाएंगे। इसमें प्राथमिक शाला में जिले के भीतर 54171, माध्यमिक शाला में 37025, हाईस्कूल में 25305 और हायर सेकंडरी स्कूल में 17335 पौधे रोपे जाएंगे। पौधे की उपलब्धता के लिए वन विभाग के साथ मिलकर कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं।



### ईको क्लब को जिम्मेदारी

आदेश में यह भी साफ कर दिया गया है कि हर स्कूल में मिशन लाईफ के तहत बनाए गए यूथ एवं ईको क्लब को वृक्षरोपण की जिम्मेदारी होगी। इस अभियान में स्कूलों के बाद कॉलेज, विश्वविद्यालय और अन्य उच्च शिक्षण संस्थान भी शामिल किए जाएंगे। इसके साथ ही इस अभियान के तहत किए जाने वाले वृक्षारोपण की संपूर्ण गतिविधियों को मेरी लाइफ पोर्टल में अपलोड किए जाने के भी निर्देश जारी किए गए हैं।

**118 दिन चलेगा अभियान :** केंद्र सरकार द्वारा मां एवं पृथ्वी के प्रति सम्मान में लांच किए गए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होगा। अगले 118 दिनों तक अलग-अलग संस्थाओं द्वारा इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसके बाद 30 सितंबर को इस अभियान का समापन कर दिया जाएगा। जिला कलेक्टर को इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

## हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के मामले में लोगों की रुचि कम

# 2.70 लाख वाहनों में पंद्रह हजार का ही बदला नंबर प्लेट, एजेंटों ने मचाई लूट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के मामले में अविभाजित राजनांदगांव जिला पिछड़ता जा रहा है। पौने तीन लाख वाहनों में यह नंबर प्लेट लगाए जाने हैं, लेकिन अब तक महज पंद्रह हजार ने ही इसके लिए आवेदन किया है। 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों में यह नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर दस हजार रुपए तक का जुर्माना तय किया गया है। साथ ही जिन वाहन संचालकों द्वारा नंबर प्लेट नहीं लगवाया जाएगा। उनकी वाहन का फिटनेस टेस्ट भी नहीं किया जाएगा। इसके बाद भी लोगों में जागरूकता देखने को नहीं मिल रही है।

वहीं जो कुछ लोग नंबर प्लेट लगवाने के लिए केंद्रों तक पहुंच रहे हैं, उनको अधिक दाम चुकाने मजबूर होना पड़ रहा है। निजी एजेंटों ने नंबर प्लेट बदलने के इस काम को अपनी मोटी कमाई का जरिया बना लिया है। यही कारण है कि शासन द्वारा तय फीस में दो से तीन सौ रुपए तक अधिक वसूली वे लोगों से कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अब अनिवार्य होगा। इस नियम के अंतर्गत जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगी होगी, उनके विरुद्ध चलानी कार्रवाई की जाएगी। वाहन स्वामी ऑनलाइन माध्यम से भी एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एचएसआरपी नंबर प्लेट में एक विशिष्ट लेजर कोड और छेड़छाड़-रोधी लॉकिंग प्रणाली होती है। जिससे वाहन की पहचान सुरक्षित रहती है और चोरी या फर्जी पहचान के मामलों में अंकुश लगाया जा सकता है

## एचआरएसपी नंबर प्लेट लगाने के नाम पर भी पैसे वसूल रहे कंपनी संचालक




### खुद भी कर सकते हैं आवेदन

आम आदमी भी पोर्टल पर जाकर वाहन संख्या, चेचिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाइल नंबर और ईंधन का प्रकार जैसी जानकारी भरकर आवेदन कर सकता है। इसके बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है। जिसके उपरांत एक रसीद जारी होगी, जब नंबर प्लेट तैयार हो जाएगी, तो उसकी सूचना वाहन स्वामी को मोबाइल पर भेजी जाएगी। इसके बाद वे अधिकृत डीलर के पास जाकर प्लेट को वाहन में लगवा सकते हैं।

### 28 केंद्र में मिल रही सुविधा

जिला परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि लोगों को सहुलियत उपलब्ध कराने के लिए आरटीओ दफ्तर में आवेदन की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा अविभाजित जिले में स्थित सभी 28 जनसुविधा केंद्रों को भी उन्होंने निर्देशित कर आवेदन में तेजी लाने कहा है। उन्होंने बताया कि लोग भी स्वयं से पोर्टल के जरिये एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### सात सौ रुपए तक ले रहे एजेंट

इस मामले में सर्वाधिक शिकायतें निजी एजेंटो की आ रही है। भले ही सरकार ने आधुनिक नंबर प्लेट बदलाव के लिए 366 रुपए का शुल्क तय किया हो, लेकिन निजी एजेंट लोगों से साढ़े छह सौ रुपए से लेकर सात सौ रुपए तक की रकम वसूल रहे है। बड़ी बात यह है कि विभाग भी ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में असक्षम है।

### तय दाम से अधिक वसूली

शासन द्वारा टू-व्हीलर वाहनों के पंजीयन के लिए 365.91 रिप्लेसमेंट, थ्री व्हील्स सिलेक्शन के नामांकन के लिए 427.16 रुपए, कार या फोर व्हीलर वाहनों के लिए 656.8, 750.64 के लिए हैवी सार्जेंट के नंबर प्लेट पंजीकरण के साथ साज-सामान और ट्रक शामिल हैं, रुपए दर निर्धारित किया गया है। निर्धारित शुल्क के साथ ही जीएसटी लिया जा रहा है। दर तय होने के बाद भी निजी एजेंट अपनी फीस के नाम पर लोगों से डेढ़ से तीन सौ रुपए तक अधिक वसूल रहे हैं।

## खैरागढ़ जिले के दौजरी गांव का मामला

# गाज की चपेट में आने से एक महिला की मौत, तीन घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

मानपुर नाका पंचायत के आश्रित ग्राम दौजरी में बुधवार को एक पेड़ में गाज गिरने से एक महिला की मौके पर मौत हो गई तथा तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दौजरी के खेत में राजबाई पति तुलाराम कश्यप, बिरझा पति दुर्जन यादव, शशी पति सुरेश यादव तथा बुधियारिन पति बिशरूराम यादव सभी चारों महिला सुबह से खेत की साफ - सफाई कर रहे थे, तभी दोपहर करीब 3 बजे मौसम में बदलाव आया और तेज आंधी-बारिश के साथ गर्जना होने लगी। वहीं तीन साढ़े तीन बजे के लगभग कड़कते बिजली के साथ खेत के समीप स्थित मौआ पेड़ पर गाज गिर गया। जिससे विशाल वृक्ष दो भाग में बंट गया तथा समीप के खेत में काम कर रहे चारों महिला अचेत हो गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर पड़ने पर मौके पहुंचे। तत्काल 112 को घटना की सूचना दिया। कुछ देर पश्चात मौके पर पुलिस एम्बुलेंस लेकर पहुंची और सभी चारों घायलों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर पहुंची, जहां राजबाई कश्यप पति तुलाराम 50 वर्ष को मृत घोषित कर दिया तथा शेष गंभीर रूप से घायलों का उपचार किया जा रहा था।

इस घटना के बाद क्षेत्र में भी सनसनी फैली हुई है। ज्ञात हो कि बारिश के मौसम में बिजली गिरने के पहले भी कई घटनाएं अंचल में घटित हो चुकी है। ऐसे में विभाग ने भी सतर्क रहने की हिदायत दी है।

### मुआवजा का आश्वासन

घटना की जानकारी होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार चिकित्सालय पहुंचकर मृतक के परिवार को ढांढस बंधाया। घायलों का बेहतर उपचार के लिए चिकित्सक से बात किया। श्री ताम्रकार ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से मृत हुए परिवार को शासन से 4 लाख का मुआवजा दिलाई जाएगी तथा तेंदूपत्ता श्रमिक बीमा का लाभ भी दिलाया जाएगा और घायल हुए तीन पीड़ितों को यथासंभव लाभ दिलाया जाएगा।

# सुशासन तिहार में शिकायत घुमका क्षेत्र का पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को जमा नहीं करने की वजह से आवेदन लंबित होने और तय समय-सीमा में ऑनलाइन नामंत्रण में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने के मामले को लेकर लापरवाही बरतने के चलते घुमका क्षेत्र के हल्का नंबर-2 के पटवारी हिरेन्द्र कुमार चंद्रवंशी को निलंबित कर दिया गया है।

इस मामले में उन्हें तहसीलदार द्वारा नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन नोटिस का जवाब नहीं देने के चलते एसडीएम ने उन पर निलंबन की कार्रवाई की है।

घुमका तहसील कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार घुमका तहसील के हल्का नंबर 2 भैंसातरा के पटवारी हिरेन्द्र कुमार चंद्रवंशी को कारण बताओ नोटिस घुमका तहसीलदार द्वारा जारी किया गया था और कार्यालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने बीते 7 मई को पत्र जारी किया गया था, किन्तु आज पर्यन्त जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### तत्काल प्रभाव से निलंबित

पटवारी हिरेन्द्र चंद्रवंशी द्वारा ऑनलाइन नामांतरण में समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने तथा आदेश उपरांत अभिलेख दरूस्ती नहीं कर अपने कर्तव्य की प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को देखते उन्हें सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन होने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते उनका मुख्यालय तहसील घुमका नियत किया जाता है।

### किसानों ने की शिकायत

पटवारी द्वारा सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों के प्रतिवेदन भी तहसील कार्यालय में जमा नहीं किया गया था। वहीं क्षेत्र के किसानों ने तहसील कार्यालय में लिखित शिकायत की थी।

## माए एंगल




## पिछले साल 17 जून के बाद अंचल में पहुंचा था मानसून, इस बार जल्द आएगा

# नौतपा के बीच पहुंचा मानसून, तीन दिन के भीतर अंचल में होगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश के बीच अब मानसून ने भी प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में दस्तक दे दी है। बुधवार को मानसून के आते ही प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश देखने को मिली। इनमें राजनांदगांव, मोहला-मानपुर सहित खैरागढ़ जिला भी शामिल रहा। बस्तर में एंट्री होने के बाद अब अगले दो से तीन दिन में मानसून के अंचल पहुंचने की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो कि इस बार मानसून की एंट्री लगभग दस दिन पहले हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून का प्रवेश आज छत्तीसगढ़ में हो गया है। दक्षिण पश्चिम मानसून अगले दो दिनों में उत्तर पूर्व के बचे हुए राज्य, छत्तीसगढ़ के कुछ और भाग, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के कुछ भाग और सिक्किम में पहुंचने की संभावना है। एक चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी उड़ीसा तट से दूर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह ऊंचाई के साथ दक्षिण दिशा में झुका हुआ है। इसके धीरे-धीरे उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए और प्रबल होकर अवदाब के रूप में उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 70 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान से उत्तर छत्तीसगढ़ तक पूर्वी राजस्थान मध्यप्रदेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंडशियर जोन 17 डिग्री उत्तर में 3.1 कमी से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह ऊंचाई के साथ दक्षिण दिशा में झुका हुआ है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभ मंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 55 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है।



### आज भी होगी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, राजनांदगांव, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली में गरज-चमक, बिजली और अचानक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। प्रदेश में कल 29 को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

**नहीं तप रहा नौतपा :** पिछले 25 मई से नौतपा की शुरूआत हो गई है। जिसका समापन दो जून को होगा। आमतौर पर नौतपा के दौरान तापमान अपने चरम पर होता है, लेकिन इस बार मानसून की एंट्री जल्द होने से नौतपा भी ठंडा रहा। बुधवार को राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री के करीब बना हुआ है। अगले कुछ दिनों में तापमान के बढ़ने की संभावना भी कम है।









## सुशासन तिहार लोगों के लिए लेकर आया सौगातें

# शिविर में आवेदनों का हुआ समाधान सामग्री का वितरण, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई क्षेत्र में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर का आयोजन 28 मई को पीएमश्री प्राथमिक शाला वार्ड 11 टिंकरीपारा में किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, पार्षद तामेश्वर साहू, अमन सोनी ,दिलीप ओगरे, मोहसीन खान एवं नारायण चतुर्वेदी ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्पहार अर्पण और पूजा अर्चना के साथ किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष राजू जंघेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता,त विभिन्न वार्डों के पार्षद, पूर्व पार्षद और अन्य मौजूद थे।

सभी विभागों ने शिविर में योजनाओं की जानकारी दी।समाधान शिविर का क्रियान्वयन जिला नोडल अधिकारी डीपी तिवारी जिला प्रबंधक, छग सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड एवं सीएमओ अविनाश देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन कमल

### जनप्रतिनिधि हुए शामिल



### हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में जनप्रतिनिधियों ने 2 राशन कार्ड का वितरण किया। छह गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। आठ माह से अधिक आयु के 2 बालक-बालिकाओं को अन्न प्राशन कराया गया।35 किशोरियों को स्वच्छता किट प्रदान किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई ने 60 ओपीडी सेवाएं, 35 सिकलिन टेस्ट, 8 आयुष्मान कार्ड पंजीकरण, 300 आयुष्मान कार्ड का वितरण और 35 खून जांच किया। आयुष विभाग द्वारा 75 टेस्ट और दवा वितरण किया।श्रम विभाग ने 16 पंजीकरण एवं वितरण और लोक सेवा केंद्र ने 10 हितग्राहियों का लर्निंग लाइसेंस पंजीकृत किया।शिविर में कुल 128 नए आवेदन प्राप्त हुए।

## ग्राम पंचायत ढाबा के समाधान शिविर में 4905 से 4884 आवेदन निराकृत



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत ढाबा में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 17 ग्राम पंचायतों की समस्याओं और मांगों का निराकरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने शिरकत की। इस दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, रिखी पटेल, मनोज चतुर्वेदी,सरिता पटेल उपस्थित थे।शिविर में 17 ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। सभी विभागों ने स्टॉल लगाए थे। पात्र हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया गया।

### सभी के आवेदन का निराकरण

शिविर में कुल 4905 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 4884 का निराकरण किया गया। शेष 21 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों को मांग और शिकायत के 197 आवेदन प्राप्त हुए जिनका भी जल्द समाधान किया जाएगा।शिविर में शिक्षा विभाग ने 5 बच्चों को खेलगड़िया किट वितरित किया। मनरेगा के तहत 2 लोगों को जॉब कार्ड दिया गया। इस मौके पर 17 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। कृषि विभाग से 5 लोगों को अरहर बीज, उद्यानिकी विभाग ने 10 लोगों को सब्जी मिनी किट, श्रम विभाग ने 7 को श्रमिक कार्ड और मत्स्य विभाग ने 2 को जाल दिया। इस अवसर पर एसडीएम अविनाश ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ प्रेम पटेल, जनपद सीईओ रवि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### घुमका में शनिदेव की प्रतिमा विराजित

**घुमका।** शीतला तालाब पार में हाथी में सवार शनि देव की मूर्ति का स्थापना विधि विधान से किया गया। पुरोहित गणपत दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति स्थापना एवं शनि चालीसा का पाठन किया। शनि देव के नाम पर 108 आहुति दी गई। आरती के बाद चना गुड़, खिचड़ी का वितरण किया गया। मुख्य यजमान नोहर वर्मा थे। स्थापना अवसर पर पूर्व सरपंच फूलमति वर्मा, टुमलाल वर्मा, चोखेलाल वर्मा, हीरालाल वर्मा, राजा वर्मा आदि उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण पर शिक्षकों ने जताया आपत्ति

**सड़क अतरिया।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने युक्तियुक्तकरण पर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री से दखल देने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि 2008 के सेटअप पर पालन होना चाहिए, क्योंकि युक्तियुक्तकरण के वर्तमान नियम में प्रत्येक शाला में एक पद घटाया गया। अब प्राथमिक शाला में 2 शिक्षक 5 कक्षा को पढ़ाएंगे। वही युक्तियुक्तकरण में विभाग द्वारा शाला एवं अतिशेष शिक्षक आपत्ति दावा नहीं लिया है। उन्होने कहा कि शालाओं में जारी 2008 के सेटअप पर क्रियान्वयन होना चाहिए तथा युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण बिंदुओं को अलग करने के बाद शिक्षकों के व्यवस्थापन पर सोंचना चाहिए। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, मनोज मरकाम, बलदाऊ जघेल, भारत साहू, गंगू टंडन, दयाल दास बंजारे, पारख दास, अनिल गंगे ने मांग किया है कि अतिशेष के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किया जाए और 2008 के सेटअप का शालाओ में पालन किया जाए।

### भाजपा ने मनाया अहिल्याबाई जयंती



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के मंगल भवन में मंगलवार को भाजपा मंड़ल नर्मदा ने अहिल्या बाई होल्कर की 300 जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। वक्ता के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम अहिल्या बाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर नमन किया गया। तत्पश्चात देश निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान एवं प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, सुरेन्द्र जंघेल, रमेश जंघेल, भीखू हिरवानी, पवन पटेल, महेश जैन, खेलन वर्मा, प्रभु राम वर्मा, डेरालाल मसखरे, रोशन जंघेल, युवराज पटेल, बालकिशन आदि शामिल हुए।

## छग चेम्बर ऑफ कामर्स के संरक्षक बने खूबचंद



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की चैंबर में संरक्षक, अध्यक्ष, वाइस चेयरमैन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमुख सलाहकार के पद में मनोनयन किया है। जिसके अनुसार संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, पूरन लाल अग्रवाल, खूबचंद पारख, सरदार बलदेव सिंह भाटिया, शिवराज भंसाली, यूएन अग्रवाल, मगन भाई पटेल, चतुर्भुज अग्रवाल, चेयरमैन गोपाल कृष्ण अग्रवाल, वाइस चेयरमैन चेतन थारवानी शामिल हैं। कार्यकारी अध्यक्ष राधा-कृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जयसिंग, विनय बजाज, विक्रमसिंह देव, कमल सोनी, जसप्रीत सलूजा, प्रमुख सलाहकार त्रिलोकचंद बरडिया, सरल मोदी, लाभचंद बाफना, छगन मूंदड़ा, संजय गुप्ता, अरविंद जैन, राजेंद्र शर्मा, लखमशी पटेल, किशोर आहूजा, सुशील अग्रवाल, मोहनलाल तेजवानी, अशोक मलानी, अमर गिदवानी, जयंती भाई पटेल, चंदर विधानी, विजय मुकीम, गुरजीत सिंह संधू, विनोद तलरेजा, दीपक रहेजा शामिल हैं।

## संयुक्त कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पिस्दा बने वनवासी समिति के अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** वनवासी विकास समिति ने ब्लाक में अपनी इकाई का गठन किया है। नवगठित समिति में नगर अध्यक्ष एएस पिस्दा, सचिव गिरिजा शंकर उइके, उपाध्यक्ष लीलाराम मंडलोई, सहसचिव केशव कोर्राम को बनाया गया है। वनवासी कल्याण आश्रम से संचालित इस समिति का उद्देश्य वनवासी समाज के लोगों के उत्थान, विकास और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना है। वनांचल के बच्चों को शिक्षित करना और समाज की मुख्य धारा से जोड़ना उसके उद्देश्य निहित है। वनवासी विकास समिति गठन के लिए सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित बैठक में बसंत पटेल जिला अध्यक्ष, महेंद्र कुमार देशमुख जिला उपाध्यक्ष, संदीप जैन जिला उपाध्यक्ष, अधिवक्ता राजेश खांडेकर, जिला सचिव प्रो शिवाजी लिमजे शामिल हुए।

## जन समस्याओं से कराया अवगत

- विधायक ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बीते दिनों कलेक्टर से मुलाकात कर बिजली कटौती, रोड, चिकित्सा समस्या से अवगत कराया। श्रीमती बघेल मांग पत्र सौंपते हुए घुमका स्वास्थ्य केंद्र में सफाई,वं सफाई स्टाफ की कमी, बिजली कटौती, लो वोल्टेज, डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स- रे के लिए अतिरिक्त भवन, पार्किंग सुविधा की मांग रखा। उन्होंने घोठिया से कोहकट्टा टोला -बरनारा खुर्द तक पक्की सड़क बनते तक मुरूम कार्य कराने की मांग किया ताकि क्षेत्रवासियो को आवागमन सुविधा मिल सके। उन्होंने मुड़िया में अवैध कब्जा आबादी जमीन घेरने की शिकायत करने के साथ आवास की राशि दिलाने की मांग रखा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच मुढिया चंद्रिका मंडावी, लालाराम वर्मा, मोरध्वज वर्मा, दयालु राम वर्मा, धर्मेंद्र मंडावी, नीलेश्वर वर्मा, पुष्पा साहू,कविता वर्मा,रुखमणी साहू, कीर्तन वर्मा, शिवकुमार वर्मा, नरेंद्र साहू, पतराम वर्मा, लोकनाथ साहू, वेदराम आदि उपस्थित थे।

## आरोप लगाने के बजाए सबूत पेश करे विधायक



**छुईखदान।** वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए पिपरिया जलाशय में विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी। इस प्रयास के लिए भाजपा सरकार बधाई की पात्र है। प्रदेश युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य विक्रांत चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कहा कि मिशन संडे के नाम से कांग्रेस विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसी स्थल पर पहुंचकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बदनाम कर रहे है। उन्होंने कहा कि अगर भ्रष्टाचार किया जा रहा है तो प्रमाण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन संडे के नाम से अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को धमकाना बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक निधि का जिस तरह से दुरुपयोग किया गया था उसे जनता जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी संडे को वसूली डे बनाकर घूम रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि मिशन संडे के नाम पर विकास कार्यों में बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार पर्यटकों को एक अच्छा वातावरण देने का प्रयास कर रही है वहीं कांग्रेसी धमकी देकर बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

## मासिक धर्म पर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ टाटेकसा

शिखर युवा मंच, एसबीआई फाउंडेशन एवं एसबीआई एसजी ग्लोबल के सहयोग से संचालित जीवनम ग्लोबल मोबाइल मेडिकल यूनिट ने खैरबना में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया। इस मौके पर बताया गया कि मासिक धर्म हर महिला और किशोरी के जीवन का एक सामान्य हिस्सा है। समाज में इसे लेकर गलत धारणाएँ हैं। मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना ज़रूरी है, क्योंकि यह न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि उनके आत्म-सम्मान और सामाजिक स्थिति के लिए भी आवश्यक है। इस दौरान किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किया गया। कार्यक्रम में जीवनम मोबाइल मेडिकल यूनिट ने मासिक धर्म स्वच्छता, जागरूकता की आवश्यकता आदि की जानकारी किशोरी बालिकाओं को दिया। इस अवसर पर यूनिट के जिला समन्वय योगेश चौहान, डॉ ईश्वर यादव, दीपिका जोशी, आशीष साहू, सूर्यकांत नेताम, निखिल सहारे मौजूद थे।

## सुशासन तिहार नागरिकों से सीधा संवाद का माध्यम



**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार अंतर्गत 5 वार्डों के लिए दिग्विजय कॉलेज के पास आयोजित समाधान शिविर में महापौर मधुसूदन यादव एवं कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पार्षदों के साथ शामिल हुए। महापौर यादव ने कहा कि वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने एवं समस्या संबंधी आवेदन लेने के अलावा शासन की योजानाओं का लाभ देने सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। वार्ड नं. 37, 38, 39, 40 व 48 के लिए आयोजित शिविर में उक्त वार्ड से प्राप्त समस्या का समाधान बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार नागरिकों से सीधा संवाद करने तथा उनकी समस्या का समाधान करने का सीधा माध्यम है। उसके अलावा शिविर में शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है।

महापौर यादव एवं राजपूत तथा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं पार्षदों ने सभी विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया और गर्भवती महिलाओ की गोदभराई की गई। महापौर यादव ने उपस्थितजनों से रूबरू होकर उनकी समस्या सुन संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि का वितरण कर किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क सेनेटरी नेपकीन का वितरण किया गया। आयुक्त विश्वकर्मा ने पांचों वार्ड से प्राप्त मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण बताया। दिग्विज कॉलेज के पास आयोजित शिविर में ही 20 आवेदकों का श्रम कार्ड, 15 का आधार अपटेट एवं 7 का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। परिवहन विभाग द्वारा प्राप्त 15 आवेदन में 2 व 4 पहिया वाहन का लाईसेंस बनाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 109 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आयुष विभाग द्वारा 36 लोगों को वात रोग, उदर रोग, बीपी व सर्दी-खांसी का दवा वितरण

### 29 को बक्शी स्कूल में शिविर

29 मई को सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक गौरवपथ स्थित पद्‌मलाल पुनालाल बक्शी स्कूल मैदान में वार्ड नं. 41, 42, 43 व 46 के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में सुनील साहू, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, केवरा विजय राय, शिव वर्मा, मणीभास्कर गुप्ता, जैनम बैद, अरूण साहू, विजय राय, अजय श्रीवास्तव, मोबिन अली, यूके रामटेके, दीपक खांडे के अलावा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

# पेंशनरों ने मांगा भू-स्वामित्व दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



छत्तीसगढ़ पेंशनर एसोसिएशन तहसील इकाई गंडई ने बहुप्रतीक्षित पेंशनर भवन के लिए मंगलवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी से भू-स्वामित्व दस्तावेज की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एलडी मानिकपुरी के नेतृत्व में सदस्यों ने इस संबंध में सीएमओ को आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया कि पेंशनर भवन के लिए राजस्व विभाग से पूर्व में दस्तावेज प्रदान किया गया था। इन्हीं दस्तावेजों को अब नगर पंचायत में प्रस्तुत कर भवन निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया है। इस मामले को लेकर पेंशनर एसोसिएशन के सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो से भी मुलाकात की। अध्यक्ष खुसरो ने पेंशनर संघ को जल्द भवन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### विधायक ने दिलाए पांच लाख

गौरतलब है कि इससे पहले पेंशनर संघ ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रमेश साहू के नेतृत्व में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा से मुलाकात की थी। विधायक वर्मा ने अधोसंरचना मद से पेंशनर भवन के लिए 5 लाख देने की घोषणा की थी। जिसके लिए संगठन ने उनका आभार व्यक्त किया था। दस्तावेज मांगने के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष एलडी मानिकपुरी, प्रभुराम वर्मा, विष्णुसिंह ठाकुर, भरोसाराम मेरावी, सीएल कश्यप, डॉ पीसी लाल यादव, सीएल सहारे और अन्य उपस्थित थे।

## इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए सर्वोच्च न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य

**राजनांदगांव।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व संरक्षक खूबचंद पारख, जिला अध्यक्ष कमलेश वेद, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी ने इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से प्री-डिपॉजिट का भुगतान वैध पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

चेंबर के नेताओं ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले में जिसका देशभर के करदाताओं पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस निर्णय को बरकरार रखा है। जिसमें अपील दायर करने अनिवार्य प्री-डिपॉजिट का भुगतान इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के माध्यम से करने की अनुमति दी गई थी। यह आदेश जीएसटी विभाग और याशो इंडस्ट्रीज के बीच के मामले में आया है। याशो इंडस्ट्रीज विशेष और फाइन केमिकल्स के वैश्विक निर्माता और आपूर्तिकर्ता है। पूर्व संरक्षक खूबचंद पारख ने कहा कि इस आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सीजीएसटी अधिनियम की धारा 107(6) में प्री-डिपाजिट भुगतान का तरीका केवल नकद तक ही सीमित नहीं है। विवाद का केंद्र बिंदु यह था कि क्या सीजीएसटी अधिनियम की धारा 107(6) के तहत अपील स्वीकार करने के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत प्री-डिपाजिट को इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में उपलब्ध आईटीसी के माध्यम से चुकाया जा सकता है या इसे केवल इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर के जरिये नकद में ही जमा करना अनिवार्य



**खबर संक्षेप**

### शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर में कक्षा 11वीं में प्रवेश

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर में कक्षा 11वीं में रिक्त सीट अनु. जनजाति 05 व अनु.जाति 01 में प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के छात्राओं से 20 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा करना होगा। प्रवेश के लिए सत्र 2025 में कक्षा 10वीं के परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रा को ही पात्रता होगी। आवेदन का प्रारूप शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर में उपलब्ध है।

### ज्येष्ठ अमावस्या पर्व पर सुहागिनो द्वारा वटवृक्ष की पूजा-अर्चना की



**पिपरिया।** ज्येष्ठ अमावस्या पर सोमवार को ग्राम मरका, विकासखण्ड, कवर्धा में सुहागिनो द्वारा वटवृक्ष की पूजा-अर्चना की गई। अखंड सुहाग की कामना करते हुए वटवृक्ष की 108 परिक्रमा की गई, रक्षा सूत्र बांधा गया, पति की लम्बी आयु एवं परिवार की सुख, शांति, एवं समृद्धि की कामना करते हुए माताओ द्वारा पत्तलो पर चंदन से यमदेव, भगवान विष्णु एवं सत्य-सावित्री का नाम लिखा गया उस पर हल्दी, चंदन, कुंमकुम, फूल श्रीफल एवं कच्चा सूत अर्पित किया गया। साथ ही चना दाल का भोग लगाया गया। शिक्षिका श्रीमति हेमलता शर्मा द्वारा पूजा कराई गई एवं कथा सुनाई तथा कथा एवं व्रत के महत्व को भी बताई, उक्त अवसर पर हेमलता शर्मा, मधु चौहान के साथ बड़ी संख्या में माता व बहने उपस्थित थे।

### पाटन में गांजा का व्यापार करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** आजाद चौक पाटन निवासी सोनी पति विजय नेताम उम्र 40 वर्ष को पुलिस गांजा की बिक्री करते पकड़ा। आरोपी सोनी के कब्जे से 1.100 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गांजे के साथ मोबाइल भी जब्त किया गया। कीमत 13500 रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई। सोनी नेताम को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उससे पूछताछ से कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जानकारी के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने किए जा रहे हैं अनेक प्रयास

# मोर गांव मोर पानी महा अभियान से जल संरक्षण बनेगा जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बिन पानी सब सून, यह पुरानी कहावत है जो बताती है कि मानव जीवन एवं पूरे पृथ्वी के लिए पानी कितना महत्वपूर्ण घटक है। जल संरक्षण हमारे वर्तमान और भविष्य के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि पानी के बगैर जीवन की कल्पना भी संभव नही है। पानी की कमी के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर पानी का संरक्षण करें और उसे दूषित होने से बचाएं। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मोर गांव मोर पानी महाअभियान की शुरुआत किया गया है। इस अभियान के द्वारा कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतो में हर खेत में पानी हर घर में खुशहाली का संकल्प लिया जा रहा है।

और यह तभी संभव है जब समाज के सभी लोग मिलकर इस दिशा में सकारात्मक पहल करें। जल संरक्षण क्यों आवश्यक है, पानी की कमी के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों के लिए पानी बहुत महत्वपूर्ण है। जल प्रदूषण और सूखे के कारण पीने योग्य पानी की कमी हो रही है। भारत कृषि प्रधान देश है तथा हमारी 70 प्रतिशत आबादी कृषि कार्य पर निर्भर है जिसके लिए पानी नितांत आवश्यक है। कृषि कार्य से हमारी अर्थव्यवस्था सीधे जुड़ी हुई है। पानी की कमी से कृषक उत्पादन में कमी होने के कारण अर्थव्यवस्था में इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जिससे हम सीधे प्रभावित होते हैं। अगर आज हमने जल का संरक्षण नहीं किया, तो आने वाली भावी पीढ़ियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जाएंगी। वही जल संरक्षण के तरीके, पानी का संचयन बरसात के पानी को तालाबो, डबरी, पैठु आदि में जमा करके जल बचाने में मदद मिल सकती है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक यदि सभी शासकीय एवं निजी संस्थाओं व घरों में बरसात का पानी जमीन में पहुंचने के लिए रूप वाटर हार्वेस्टिंग लगाई जाए तो इससे बहुत बड़ी मात्रा में जल संचय हो सकता है। जिसके परिणाम स्वरूप भू-जल स्तर में बड़ी वृद्धि होगी। पानी का कम उपयोग अनावश्यक पानी का इस्तेमाल कम करके जल संरक्षण किया जा सकता है। टूटे-फूटे नलों की मरम्मत टूटे-फूटे नलों से बहते अनावश्यक पानी की बर्बादी को रोककर जल संरक्षण किया जा सकता है। वृक्षों की कटाई रोकने और वृक्षारोपण करने से जल संरक्षण में बहुत मदद मिल सकती है। जल प्रदूषण रोकना जल प्रदूषण रोकने के लिए हमें जल स्रोतों में कूड़ा-करकट और रसायनों को नहीं डालना चाहिए।

### जल संरक्षण के लिए परंपरागत स्रोतों का करे उन्नयनः कलेक्टर



जल संरक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने कहा कि हमें जल संरक्षण के लिए जागरूक रहते हुए जल संरक्षण के सभी तरीकों को अपनाना होगा। अगर हम आज जल संरक्षण नहीं करते हैं, तो आने वाली भावी पीढ़ियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जाएंगी। जल संरक्षण करने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी इसके लिए जरूरी है कि हम सभी परंपरागत पानी के स्रोतों का उन्नयन करें तालाबों को वर्षा ऋतु के पूर्व सफाई एवं नए स्रोतों का निर्माण करें। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि शासन की योजनाओं से पानी रोकने में मदद करने वाले सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जिले में कराया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से नए तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण, नदी नालों का पुर्नउद्धार अंतर्गत साफ सफाई कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, डबरी निर्माण जैसे प्रमुख कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे है। एक ओर जहां इन कार्यों से जल संरक्षण के लिए परिसंपत्तियों का निर्माण हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में इससे रोजगार मिल रहा है।

### मोर गांव मोर पानी महा अभियान का हिस्सा निभाए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने लोगों से मोर गांव मोर पानी महा अभियान में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सामूहिक चर्चा, संगोष्ठी, दीवार लेखन, ग्राम सभा की बैठक, रोजगार दिवस के दौरान ग्रामीणों से चर्चा जैसे प्रमुख आयोजनों में वर्षा ऋतु के दौरान अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को प्रोत्साहित करने कहा जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतो में इस वर्ष भू-जल स्तर को पंचायत भवन के बाहर लिखा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पता चल सके कि उनके क्षेत्र में भू-जल स्तर की वर्तमान स्थिति क्या है और उसे सुधारने के लिए प्रयास कितना आवश्यक है क्योंकि सीधे तौर पर यहां हमारे जीवन को प्रभावित कर रहा है।

# भोरमदेव अभ्यारण्य चिल्फी में वृहद मात्रा में सागौन वृक्षों की अवैध कटाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार

वन मंडल कवर्धा के भोरमदेव अभ्यारण्य वन परिक्षेत्र चिल्फी में आये दिनों सागौन वृक्षों की अवैध कटाई अवैध निकासी वनधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से धड़ल्ले से जारी है वन मडल कवर्धा में राष्ट्रीयकृत वृक्षों की अवैध कटाई अवैध निकासी लम्बे समय से चल रहा है, कवर्धा वन मंडल में हो रहे अवैध कटाई को शिकायत पूर्व में उच्चाधिकारियों को संवाददाता द्वारा किया गया था। जिसमें राज्य स्तरीय जांच टीम द्वारा संबंधित अधिकारियों से मिली भगत करते हुए यह कहां गया कि अभ्यारण्य क्षेत्र की जाँच के लिए अलग विभाग है उनके अनुमति के बगैर जाँच नही करेंगे कहकर जाँच नहीं किया गया जिसकी शिकायत संवाददाता ने पुनः उच्चाधिकारियों को किया पर अभी तक कोई जाँच के लिए नहीं आया। वही 40 वर्ष से 50 वर्ष आयु के सैकड़ो सागौन वृक्षों की कटाई की गई है इन वृक्षों की गोलाई 4 फुट से 6 फुट गोलाई के है। वही एक तरफ शासन द्वारा अभ्यारण्यों में वन्य प्राणियो एवं वनों को बचाने करोड़ो रूपये की राशि विभाग को आबंटित की जाता है तो लापरवाह अधिकारी नियमों का धड़ल्ले से उल्लंघन करते हुए अपने चंद स्वार्थ को पूरा करने में मसगूल है।, पर्यावरण, वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए अतिशीघ्र कड़ी कानून कार्यवाही कर दोषियो पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# जिले में 15 से 30 जून तक जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का किया जाएगा आयोजन

- कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शिविर के आयोजन के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम-जनमन की भांति अनुसूचित जनजातियों के बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2024 को किया गया है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासी परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। इस अभियान में 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित किए जा रहे 25 गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना में जिला कबीरधाम अंतर्गत विकासखंड बोड़ला के 226, विकासखंड पंडरिया के 41, विकासखंड स.लोहारा के 07 एवं विकासखंड कवर्धा के 01 कुल 275 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शिविर के आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

वही आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला ने बताया कि शिविर में अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवार, सदस्यों का तत्कालिक गतिविधि अंतर्गत आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार एवं कौशल विकास अंतर्गत मनरेगा, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा ऋण, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत पीएम मातृवंदन योजना का यथा संभव मौके पर पंजीयन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजनांतर्गत जिले 275 आदिवासी बाहूल्य ग्रामों में 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजना-गतिविधियों का लाभ लिया जा सकता है। गौरतलब है कि 275 ग्रामों में धरती आबा योजनांतर्गत आगामी 05 वर्षों में दीर्घकालिक गतिविधि अंतर्गत जनजातीय परिवारों को पक्का घर, गांवों में सड़क, बिजली, पानी, मोबाईल मेडिकल यूनिट्स, आवासीय विद्यालयों व छात्रावास-आश्रमों के उन्नयन तथा कौशल विकास और रोजगार के अवसर की उपलब्धता इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय बाहुल्य ग्रामों को शत-प्रतिशत संतृप्ति किया जाना है।

# युक्तियुक्तकरण को लेकर रायपुर में दिया धरना

- जिले के सैकड़ो शिक्षक हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



वर्तमान समय में समय-समय पर हो रहे वर्षा के कारण प्रदेश का तापमान भले ही कम हो गया हो, लेकिन विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध को लेकर रायपुर के तूता में बीस हजार से अधिक शिक्षकों की उपस्थिति ने प्रदेश का तापमान एक बार फिर से बढ़ा दिया है। इस हड़ताल में जिले के सैकड़ो शिक्षक शामिल हुए। धरना पश्चात मंत्रालय घेराव के लिए रायपुर धरनास्थल से निकले शिक्षकों के सैलाब को देखकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और कुछ दूर जाने के बाद ही रैली को रोक दिया गया, जहाँ उपस्थित अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। सर्व शिक्षक संगठन में शामिल छ.ग. टीचर्स टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी रास्ता भटक गए हैं, वे नहीं चाहते कि प्रदेश के गरीब परिवार का बच्चा पढ़-लिखकर उनके बच्चे का मुकाबला करे। इसी कारण से वे युक्तियुक्तकरण के नाम से प्रदेश के 45 हजार शिक्षकों के पद समाप्त करने पर तुले हैं।

अधिकारीगण प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहें हैं। वे इस बात को छुपा रहे हैं कि प्रदेशभर के समस्त प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में शिक्षक का एक-एक पद घटा रहे हैं। प्रदेश के अधिकारीगण शिक्षा गुणवत्ता की बात भले करते हैं, लेकिन उनका मूल उद्देश्य कुछ दूसरा ही है। दरअसल वे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथों में सौपना चाहते हैं। जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने आगे बताया कि चार सूत्रीय मांगों युक्तियुक्तकरण में सेटअप 2008 का पालन, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जनरल आर्डर, पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने को लेकर मंत्रालय घेराव से प्रारम्भ हुआ आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। रायपुर धरना में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, कौशल चन्द्रवंशी, जयप्रकाश तिवारी, संतोष लांझेकर, दुर्गा चन्द्रवंशी, शत्रुहन लांझी, हरीश तिवारी, कन्हैया तिवारी, अनुज चन्द्रवंशी, नकुल वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल पिपरिया में हुआ दस दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन

**हरिभूमि कवर्धा।** पीएम श्री सेजेस पिपरिया में 16 मई 2025 से दस दिवसीय समर कैंप संचालित हो रहा था जिसका 28 मई 2025 को समापन कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथियों के रूप में नगर पंचायत पिपरिया शहर के जनप्रतिनिधियों नागरिक गणों और विशिष्ट अतिथियों के रूप में पिपरिया विकास संघर्ष समिति को इस स्कूल के प्रबंधन के द्वारा आमंत्रित किया था। इस समापन कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता, भारत माता, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और स्वामी आत्मानंद के तैल्य चित्रों पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना करके सरस्वती माता की वंदना, राष्ट्रगान तथा राष्ट्रगीत सम्मानपूर्वक गाकर किया गया, उसके बाद समस्त अतिथियों के स्वागत तथा सत्कार होने के बाद आर्शी वचन तथा संबोधन के लिए मुख्य अतिथियों में शामिल विक्की अग्रवाल ने सीखने की महत्ता पर प्रकाश डाला उसके बाद नगर पंचायत पिपरिया के प्रथम व्यक्ति तथा अध्यक्ष घुरुवाराम साहू ने बच्चों को समर कैंप में सीखे गए गतिविधियों को अपने जीवन में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया उसके बाद संभाषण के पिपरिया विकास संघर्ष समिति के तरफ से टोकेश्वर कोशले ने इस स्कूल के बच्चों को बताया कि सीखना ही जीवन है और सीखने की कोई उम्र नहीं होती है इंसान किसी भी उम्र में सिख सकता है बस सीखने की ललक और जुनून होना चाहिए, प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है फिर उसके बाद इस स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष चित्रबाहु देवांगन ने इस दस दिवसीय समर कैंप की सराहना की यह दस दिवसीय समर कैंप इस स्कूल के बच्चों के लिए सभी गतिविधियां अत्यधिक उत्साहवर्धक, सीखने के लिए अनुकूल व मजेदार रहा इस समर कैंप के नौवें दिन तो इस स्कूल के बच्चों को छत्तीसगढ़ राज्य के खजुराहो भोरमदेव के ऐतिहासिक और पुरातात्विक मंदिरों के दर्शन भी करवाया गया, इस समर कैंप में इस स्कूल के बच्चों ने बहुत सारी गतिविधियां जैसे-योगा, जुंबा, डांस, कैरम, चेस, मार्बल्स, मेहंदी, रंगोली, ड्राइंग एंड पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, बम्बू क्राफ्टिंग, कैमरा तथा वीडियोग्राफी सीखी इन सभी के अलावा आदि अन्य गतिविधियां भी सिखी जिनका उपयोग वे सभी अपने रोजमर्रा और दैनिक जीवन में उपयोग करके लाभ उठा सकते है। कुछ गतिविधियों का नमूना उस स्कूल के बच्चों ने समापन कार्यक्रम में उपस्थित सभी के सामने करके दिखाया और इस समर कैंप की यादें साझा की, इस दस दिवसीय समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ठ कार्य करके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले स्कूली बच्चों को प्रमाण पत्र तथा शील्ड इस समापन कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के करकमलों के द्वारा दिया गया। । समस्त स्कूली बच्चे उपस्थित थे। सभी के सहयोग से यह समापन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### छात्राएं उत्साह से सीख रहे नए-नए जीवनोपयोगी कौशल-कला

# पीएम श्री प्राथमिक शाला पथर्रा में समर कैम्प का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया




जब भी समर कैम्प की बात होती है तब हमें या तो बड़े निजी विद्यालय याद आते हैं या स्वयंसेवी संगठन पर अब इस सोच में बदलाव का बीड़ा उठाया है पीएम श्री स्कूलों ने जिले में संचालित समस्त ग्यारह पीएम श्री विद्यालयों में यह आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम चरण में निर्मित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा, संकुल- पथर्रा, विकास खंड कवर्धा, जिला कबीरधाम जो कि अपनी शैक्षणिक सह-शैक्षणिक गतिविधयों के लिए जिले में चर्चित रहता है दिनाँक 20 मई 2025 से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस पर फ्री प्ले गतिविधयों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने खेल सामग्रियों के माध्यम से शिक्षकों की सहायता से जिज्ञासाएं करना और उन पर कार्य करना सीखा। द्वितीय दिवस का आरंभ योग सत्र से हुआ। उसके पाश्चात्य Do It Yourself अर्थात DIY गतिविधयों का आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की कलात्मकता दिखाई। तृतीय दिवस पर योग पाश्चात्य मोती और फूलों की माला बनाने की गतिविधियाँ हुई जिससे कि हाथ-आंख संयोजन एवं मोटर कौशल का विकास होता है। चतुर्थ दिवस ड्रॉइंग और पेंटिंग को समर्पित रहा छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की सहायता से आकर्षक चित्रकारी सीखी। पंचम दिवस योग के पश्चात रंगोली एवं मेहंदी कला कौशल विकास गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें शाला के पूर्व छात्राओं कु. धनेश्वरी पाली, वसुंधरा धुर्वे, रिद्धि-सिद्धि के द्वारा वर्तमान छात्र-छात्राओं को रंगोली व मेहंदी कला सिखाया गया। छठवें दिवस पर BEST FROM WASTE अर्थात कबाड़ से जुगाड़ गतिविधियों के अन्तर्गत गत्ते के टुकड़ों, पंखे के डिब्बों, प्लास्टिक चम्मच, दोना लकड़ी के टुकड़ों आदि के माध्यम से सहायक शिक्षण सामग्री और दीवाल सज्जा की सामग्रियों का निर्माण सिखाया गया। वही सातवें दिवस यानी आज पोटरी मेकिंग एवं मिट्टी कला कुम्हार के कार्यों से छात्र-छात्राओं का परिचय आधारित गतिविधियां रही। आज के शिक्षक के रूप में भागीरथी कुंभकार ग्राम मरका से विशेष रूप से उपस्थित रहे। वही 68 वार्षिक भागीरथी को इस कार्य का 50 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने इसमें सभी प्रकार के उतार-चढाव देखें हैं। अपने अनुभवों को सुनाते हुए उन्होंने मिट्टी बनाना चाक के माध्यम से उसे आकार देना दिया, घड़ा, गुल्लक, चुकिया आदि बनाना सिखाया साथ ही बच्चों को बताया कि इस सदियों पुराने कला को कैसे कुम्हार समाज आज भी जीवित रखा है। मशीनों के दौर में भी हस्तकला ने अपना स्थान बनाए रखा है। नए दौर में हम मिट्टी से आकर्षक कलाकृतियां बनाकर अच्छी-खासी जीविका अर्जित कर सकते हैं। कला समाज में आज भी अपने सम्मान को बचाए हुए है। वही समर कैम्प के दौरान गतिविधियों में उप-सरपंच व पूर्व सरपंच रोशन सिंह परिहार, शाला प्रबंध समिति से विपनेस सिंह, रामविलास, मनीराम सहित पालकगण भी उपस्थित रहे।

# जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में कवर्धा के तीन खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा







सॉफटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय सॉफटबॉल बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन चंडीगढ़ में आज से 02 जून तक आयोजित किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हो रही है इस प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बालक वर्ग में कृष सिन्हा, पंकज मेरावी एवं बालिका वर्ग में चांदनी साहू कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो 27 मई को रायपुर के रेल्वे स्टेशन रवाना हुए। वही अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि हमारे अकेडमी के खिलाड़ियों का अभावों के बीच प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन कर रहे है जो हमारे जिले के लिए गौरव की बात है इसी के साथ इस वर्ष भी जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता हेतु हमारे अकेडमी से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें से कृष सिन्हा, पंकज मेरावी और चांदनी साहू का चयन सॉफ्टबॉल खेल के लिए हुआ है वहीं कृष सिन्हा का यह तीसरा राष्ट्रीय प्रतियोगिता है तो पंकज मेरावी का दूसरा और चांदनी साहू का पहला राष्ट्रीय प्रतियोगिता है वही इन खिलाड़ियों का चयन 04 मई को भिलाई सेक्टर 02 दशहरा ग्राउंड में आयोजित हुए राज्य स्तरीय जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में इनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है जिसमें बालक वर्ग का प्रशिक्षण कैंप रायपुर में 21 से 27 मई तक आयोजन किया गया था वहीं बालिका वर्ग प्रशिक्षण कैंप दुर्ग में 20 मई से 27 मई तक आयोजित किया गया जिसमें इन खिलाड़ियों को हिटिंग, रनिंग, फील्डिंग स्किल का अभ्यास कराया गया वही इन खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के महासचिव ओपी शर्मा के नेतृत्व में किया गया था इनके द्वारा पूरे प्रदेश से 40 खिलाड़ियों का चयन किया गया था जिसमें से सिर्फ 36 बालक-बालिका का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया है जो अब चंडीगढ़ में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और छत्तीसगढ़ की टीम को पदक लगाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### पैसों के अभाव में यह खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं हो पाया

वही अकेडमी के होनहार खिलाड़ी हिमेश दास मानिकपुरी का भी चयन इस प्रतियोगिता हेतु किया गया था जिनके पिता राजमिस्त्री का कार्य करते है परन्तु काम के तंगी और घर के हालात के कारण पैसों के अभाव में यह खिलाड़ी इस प्रतियोगिता हेतु सम्मिलित नहीं हो पाया इस प्रतियोगिता हेतु 3500 रुपए का खर्च आ रहा था जिसका वहन करने के लिए इनके पिता सक्षम नहीं थे वहीं हिमेश अभी तक चार बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हो चुका है जिसमें एक बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता बेसबॉल में स्वर्ण पदक भी लगा चुका है हिमेश एक ऑलराउंडर खिलाड़ी है जो छत्तीसगढ़ टीम को पदक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता, वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के तीन खिलाड़ियों का चयन होने के उपलक्ष्य पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल, कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटीया, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर, एवं समस्त खिलाड़ियों ने बहुत-बहुत बधाई दिए एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामनाए किये।

## सार समाचार

### महुआ शराब बेचते एक गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** मोहगांव पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति को महुआ शराब बेचते गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब और बिक्री के 150 रुपए जब्त किया गया है। मोहगांव पुलिस को सिंगारपुर में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बेलगांव में लमतारसिंह मेरावी कच्ची महुआ शराब बेच रहा है।पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर तलाशी लिया तो आरोपी के कब्जे से 5 लीटर के पीले रंग के जेरीकेन में 3 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। पुलिस ने मौके पर ही 3 लीटर कच्ची महुआ शराब और बिक्री के 150 रुपये जब्त किया। आरोपी लमतार सिंह मेरावी पिता नवली सिंह मेरावी निवासी बेलगांव के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) ब के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### विस अध्यक्ष से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** बोरवेल्स खनन में लगे प्रतिबंध हटाने संबंधी मांगों को




लेकर जिला बोरवेल संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू और उपाध्यक्ष टोमन साहू समेत सुरेश साहू, सुनील साहू, भुवन सिन्हा, गौतम सिन्हा, सारंग मिश्रा एवं टार्जन ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की।

### ट्विंकल ने बैंच प्रेस और वेट लिफ्टिंग में जीता स्वर्ण

**राजनांदगांव।** वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन लंदन से मान्यता प्राप्त



सीनियर पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में गत 24 एवं 25 मई को मंगल भवन एकता नगर उतई दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर, सीनियर मास्टर्स महिला एवं पुरूष बैंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट दोनों ही प्रतियोगिताओं में सिंधी कालोनी लालबाग की ट्विंकल रूचंदानी ने सीनियर 48 किलोग्राम वजन वर्ग में क्रमशः बैंच प्रेस में 25 किलोग्राम वजन उठाकर और डैडलिफ्ट में 60 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल कर राजनांदगांव का नाम प्रदेश में रौशन किया। उनके पिता तिलोक रुचंदानी और माता पूजा रुचंदानी ने बताया कि ट्विंकल बचपन से ही प्रतिभावान और मेहनती रही है। उसका सपना देश के लिए पदक जीतना है। यह उपलब्धि उसी दिशा में ट्विंकल का एक छोटा सा प्रयास था।

### बिहरीकला में समाधान शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत कल 29 मई को जनपद पंचायत अं.चौकी के ग्राम पंचायत बिहरीकला में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने ग्रामीणों से शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने



धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत धरपकड़ अभियान कार्रवाई में 27 मई को मुखबीर सूचना के आधार पर अलग-अलग जगहों पर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई अंतर्गत परेवाडीह-तुमड़ीलेवा चौक में अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में आरोपी ओमप्रकाश साहू 21 साल शीतला मंदिर के पास वार्ड नं. 5 ओपी चिखली, अविनाश मेश्राम 20 साल साकिन देशमुख चौक चिखली के कब्जे से 78 पौवा यूनिक देशी मदिरा प्लेन कीमती 6240 रुपए व बिक्री रकम 330 रुपए जब्त आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। ग्राम भेड़ीकला गौठान के पास आरोपी नोहर नेताम 30 साल साकिन भेड़ीकला ट्रांसफार्मर पारा के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1440 रुपए व बिक्री रकम 480 रुपए को जब्त किया गया।आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

## निधन

### लक्ष्मी शुक्ला



**राजनांदगांव।** नगर के प्रतिष्ठित शुक्ला परिवार की श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला पति स्व. अयोध्या प्रसाद शुक्ला (80) निवासी सिनेमा लाइन श्री कृष्ण टॉकीज के सामने का आज सुबह रायपुर में निधन हो गया। वे कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ सदस्य होने के साथ ही वर्तमान में महिला मंडल की सचिव थी। उन्होंने अपने पीछे एक पुत्र डॉ. अमित शुक्ला प्राचार्य देवआनंद जैन स्कूल के अलावा दो पुत्रियों नीरजा एवं मोना सहित नाती-पोतों नित्या, राघव, नव्या का भरापूरा परिवार छोड़ा है। आज संध्या उनके पुत्र डॉ. अमित शुक्ला ने लखोली मुक्तिधाम में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में उन्हें मुखाग्नि दी।

## कलेक्टोरेट पहुंचकर की शिकायत

# पीएम के लिए पैसे मांगने वाले की गलत बयानी से भड़के परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पीएम रिपोर्ट में हकीकत छिपाने पैसे मांगने शर्मनाक और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना के पांच दिन बाद अस्पताल प्रशासन ने परिजनों का बयान दर्ज किया। इससे पहले घटना के दूसरे दिन ही बीएमओ ने निज सहायक के डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया जबकि जिला प्रशासन से निर्देश मिलने के बाद सीएचएमओ ने बीएमओ से पूरे मामले को लेकर लिखित जानकारी ली।

संबंधित डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया और बुधवार सुबह मृतक के परिजनों को बुलाकर देर शाम तक बिंदुवार बयान दर्ज कराया। पता चला है कि इस दौरान मृतक के परिजनों ने सीएचएमओ को बताया कि गुरूवार 22 मई को दोपहर तीन बजे के आसपास मृतक घर से खाना खाकर निकला था, देर शाम तक नही आया और फोन भी बंद बता रहा था बाद में रास्ते से गुजरने वालों के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। पुलिस पहुंची और शव को लेकर खैरागढ़ पहुंची जहॉ पंचनामा संबंधी अन्य कारवाई करके लौट गई। शाम होने के कारण शव का उस दिन पीएम नही हो पाया। परिजनों ने बताया कि गुरूवार शाम को जब वो सुंदर को लेकर पहुंचे तो वहॉ ड्यूटी में तैनात डॉ बोधन परते ने बताया कि युवक की मौत हो गई है इसके बाद वो थाने चले गए। थाने से वापस आने पर बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने बताया कि शव पीएम कक्ष में रखा है कल सुबह डॉ प्रवीण सिंह परिहार की ड्यूटी है वो पीएम करेंगे।

### स्वीपर को शराब पिलाने मांगा दो सौ

सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा को आमने सामने दिए बयान में मृतक के परिजनों ने कहा कि जब वो सुंदर को लेकर अस्पताल पहुंचे तो वहां एक युवक खड़ा था जिसका नाम गोलू सिंहा है बाद में पता चला उसने पीएम करने वाले स्वीपर को फोन लगाया और सुबह जल्दी आने कहा इसके अलावा सुबह पीएम के बाद स्वीपर को पैसे देने पड़ेंगे कहकर दो सौ रूपया मांगा। पीएम के लिए सामान उन्होंने मेडिकल से खरीदी और पीएम कक्ष में रख दिया था। गॉव वालों को जानकारी देने के बाद वो टेमरी से देर रात जब वापस लौटे तो गोलू सिंहा ने फोन कर कहा कि मौत के दौरान युवक ने शराब पीया था उसका उल्लेख नही करना है तो बताओ वो सर से बात करेगा। उन्होंने सोचकर बताने की बात कही, लेकिन शुक्रवार सुबह पीएम के लिए डॉ प्रवीण सिंह परिहार के साथ गोलू सिंहा भी आया और कहा कि सर से बात हो गई है। अल्कोहल का उल्लेख नही करेंगे पैसे की नगद व्यवस्था करना, आनलाईन मत देना। मृतक के भाई ने बताया कि नगद पैसा नही होने की बात पर गोलू ने कहा कि आज शाम तक पैसा ले आना, पुलिस को शार्ट पीएम रिपोर्ट देना पड़ता है। उसने बताया कि पीएम में एक्सीडेंट के दौरान शराब सेवन नहीं करने लिखने के लिए पैसे मांगने की बात उसने गॉव में अन्य लोगों को बताई जिसके बाद दोपहर मृतक का क्रिया कर्म करके वापस लौटते ही गोलू सिंहा का फोन आया जिसे उसने बतौर सबूत रिकार्ड कर लिया। परिजनों ने कहा कि उन्हें बाद में पता चला कि गोलू अस्पताल कर्मी नही है बल्कि डॉ प्रवीण सिंह परिहार का सहायक है।

### बीएमओ को बेवजह बदनाम करने की साजिश

मामले में सालों से डॉ प्रवीण सिंह परिहार के पास काम करने वाले गोलू सिंहा द्वारा सोमवार को बीएमओ डॉ विवेक बिसेन के कहने पर शव को पीएम कक्ष मे रखना और उन्हीं के कहने पर पैसे मांगने की बात सामने आने के बाद मृतक के परिजन भड़क गए। उनका कहना था कि डॉ प्रवीण सिंह परिहार अपने आपको बेदाग साबित करने पैसे मांगने वाले सहायक गोलू सिंहा से गलतबयानी करवा रहे है जबकि बीएमओ ने शव परीक्षण से लेकर घर तक शव भिजवाने में पूरा सहयोग किया है और सीधे एडीएम सुरेंद्र सिंह राजपूत के पास पहुॅच गए जहॉ से सीएचएमओ को उनका बयान दर्ज करने फाइल पुटअप करने का निर्देश मिलने के बाद बयान लिया गया।

### बयान लिया गया

एडीएम के निर्देश पर मृतक के माता, पिता, पत्नी सहित अन्य परिजनों से लिखित बयान लिया गया है। बयान संबंधी दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद कार्रवाई कलेक्टोरेट से तय होगी।

-डॉ आशीष शर्मा,
सीएचएमओ

### भूमि ने 8वीं में हासिल किए 93.50 प्रतिशत अंक

**राजनांदगांव।** प. पु. बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय



राजनांदगांव संकुल गंजपारा विकासखंड व जिला राजनांदगांव स्कूल में कक्षा आठवीं की छात्रा भूमि सोनकर 93.50 प्रतिशत अंक के साथ उत्कृष्टता हासिल की है। भूमि सोनकर शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। वह जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल राजनांदगांव के अध्यक्ष मनसुखलाल सोनकर एवं शैल पुत्री महिला समूह की अध्यक्ष संतोषी सोनकर की पुत्री है। भूमि सोनकर की इस सफलता पर संयुक्त मंडल के समस्त सदस्य मंत्री, उस्तादगणों तथा महिला समूह के सदस्यों ने बधाई दी है। जिसमें प्रमुख रूप से अशोक सारथी, मोहन सेन, मनसुखलाल सोनकर, बाबूदास मानिकपुरी, दम्मू भगत, सरोज साहू, वनीता यादव, नीता देवांगन, सुरूचि यादव आदि शामिल हैं।

### आज से संगीतमय शिव महापुराण

**राजनांदगांव।** कन्हारपुरी में संगीत में शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन वार्डवासियों द्वारा किया जा रहा है। 29 मई से 6 जून तक आयोजित इस कथा में अरजकुंड वाले आचार्य पं. अनिल कृष्णा तिवारी अपने श्रीमुख से शिव कथा ज्ञान रूपी गंगा प्रवाहित करेंगे। कन्हारपुरी के तिरंगा चौक पर संगीत में शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। कलश यात्रा, वेदीपूजन से कथा आरंभ होगा।

# भाजपा ने की 4 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज चार मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष हेमकुमार साहू, बलदेव सिन्हा, नीरज छैदया, प्रतिमा खरे, महामंत्री रवि यादव, धरमचंद वर्मा, मंत्री मानिक सेन, मनोज वर्मा, उर्मिला कंवर, बिंदाबाई वर्मा, कोषाध्यक्ष नामदेव साहू, सह-कोषाध्यक्ष कमल नारायण कंवर, मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश साहू, कार्यालय प्रभारी शिवप्रसाद मंडावी को बनाया गया है।

तुमड़ीबोड़ मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, उपाध्यक्ष रामनाथ वर्मा, राधाबाई कंवर, अमरोतन साहू, निर्मला सांडिल्य, महामंत्री टीकम पटेल, गणेश्वर सिन्हा, मंत्री जीवन पटेल, गोकुल सिन्हा, जया तिमेश साहू, भारती वर्मा, कोषाध्यक्ष शुकदेव सिन्हा, सह-कोषाध्यक्ष नंदनी साहू, मीडिया प्रभारी पिताम्बर साहू, सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा, कार्यालय प्रभारी मोहन पाल को बनाया गया है। तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर, उपाध्यक्ष टिका साहू, नंदिनी सेवता, खिलेश्वरी साहू, चंद्रशेखर यदु, महामंत्री राकेश साहू, यशवंत वर्मा, मंत्री हेमंत लहरे, सुनंदा मैथिल क्षत्री, शशिकला बंजारे, ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष पंकज वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू, मीडिया प्रभारी डिगेन्द्र सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी संजय साहू, कार्यालय प्रभारी वेदव्यास साहू को बनाया गया है। घुमका मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष ढालसिंग साहू, दिलीप पटेल, धनमत वर्मा, अश्वनी साहू, महामंत्री ललित साहू, जनक साहू, मंत्री उमेश वर्मा, पवन गायकवाड़, जयश्री साहू, नूतन साहू, कोषाध्यक्ष खेमलाल साहू, सह-कोषाध्यक्ष गोविंदा सेन, मीडिया प्रभारी तोषेन्द्र सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी चैनेज वर्मा, कार्यालय प्रभारी अनिल राजपूत को बनाया गया है।

# कुम्हली कलस्टर में आवेदनों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार आमजनों के लिए मददगार साबित हो रहा है। अपने सपनों को साकार करने का द्वार खोल दिया है। ग्रामीणों की मांगों व शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते समाधान किया जा रहा है। जनता की हर समस्याओं का समाधान होने से खुशहाली देखने को मिल रही है। सुशासन तिहार को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। अपनी हर तरह की समस्याओं से निजात पाने में सुशासन तिहार विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार कर रहा है।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत सोमवार को जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत कुम्हली एवं नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में समाधान शिविर आयोजित किया गया। कुम्हली में आयोजित समाधान शिविर में सभी पात्र 1897 आवेदकों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में 415 आवेदनों का




समाधान किया गया।

जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत कुम्हली में आयोजित समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मनरेगा अंतर्गत 5 हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किया गया। 31 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया गया। सामाजिक सहायता योजना अंतर्गत 4 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रदान किया गया। 5 हितग्राही को व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति पत्र, इसी प्रकार 8 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र, 1 हितग्राही को ऋण पुस्तिका, 3 हितग्राही को वय वंदन कार्ड वितरित किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 7 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गैंदकुंवर ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, मुख्य कार्यपालन कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला केशवरी देवांगन सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# लाईव डेमो देकर रेंज के जिलों के विवेचना अधिकारियों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवीन कानून के तहत अपराध विवेचना में सहयोग ई-साक्ष्य संबंधी प्रशिक्षण 28 मई को दिया गया। जिसमें राजनांदगांव रेंज स्तर के चारों जिलों के 50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।



एक दिवसीय नवीन कानून के तहत अपराध विवेचना में सहयोग हेतु वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी किए जाने हेतु ई-साक्ष्य, आईओ मितान, सीसीटीएनएस का प्रशिक्षण पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनादगांव के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागृह में संपन्न हुआ।

### 50 प्रतिभागी प्रशिक्षित

उक्त प्रशिक्षण में रेंज के चारों जिला राजनादगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लगभग 50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता वाधवानी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में जिला प्रभारी सीसीटीएनएस द्वारा पावर पाईंट प्रजेंटेशन एवं लाईव डेमो देकर रेंज के सभी जिलों से आए विवेचना अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। नवीन कानून के तहत अपराध विवेचना के दौरान प्रशिक्षण में ई-साक्ष्य, आईओ मितान, सीसीटीएनएस विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एनडीपीएस के प्रकरण में आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने हेतु विवेचना संबंधी निर्देश दिया गया।

# चिकित्सा सुविधा की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- 16 हजार ग्रामीण हो चुके लाभांवित

जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने शिखर युवा मंच, ए स बी आ ई फाउंडेशन एवं ए स बी आ ई एसजी ग्लोबल के सहयोग से संचालित जीवनम मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना अंतर्गत विकासखण्ड के 20 चयनित गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि परियोजना अंतर्गत अब तक 16000 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है। हाल ही में 13 हजार से अधिक मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर हड्डी रोग, त्वचा रोग,




महिलाओं एवं बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याओं का निदान किया गया। शिविरों में डॉक्टर, फिजियोथेरेपिस्ट और लैब जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसी क्रम में स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 गांवों और 10 सरकारी स्कूलों में सफाई, हाथ धुलाई प्रदर्शन, वृक्षारोपण, बालसभा आदि का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2000 से अधिक ग्रामीण, बच्चे एवं महिलाओं की भागीदारी रही। राजनांदगांव टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉ ईश्वर यादव, दीपिका जोशी, आशीष साहू, सूर्यकांत नेताम, निखिल सहारे निरंतर सेवा दे रहे हैं।

# देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण की सशक्त हस्ताक्षर बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार शाम 5 बजे रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित कार्यशाला में नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बताया कि रानी अहिल्याबाई भारत की सांस्कृतिक जागरण एवं सनातन विचारों के साथ गरीबों और असहायों की सेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति थी। कठिन चुनौतियों और विषम परिस्थितियों के बीच भी रानी अहिल्याबाई होल्कर अडिग रही और जनसेवा में निरंतर सक्रिय रही।

मिली जानकारी के अनुसार संजय श्रीवास्तव ने कहा कि अहिल्याबाई ने सुशासन की सटीक अवधारणा दी थी। उनके शासन की नीति और नारी सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्य आज भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की नीतियों से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में महिला सशक्तिकरण सामाजिक न्याय और जनकल्याण के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया। जिसके चलते मोदी ने



उज्ज्वला योजना, मातृ वंदन योजना, महिला आरक्षण और जनधन योजना जैसे कार्यक्रमों को नारी शक्ति का माध्यम बनाया।

कार्यशाला की शुरूआत देवी अहिल्याबाई होलकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज देश मोदी के नेतृत्व में विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है और हम तेजी से विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुके हैं। अब जापान को हमने पीछे छोड़कर चौथी अर्थव्यवस्था का खिताब हासिल कर लिया है। कार्यक्रम को मंडल स्तर पर, नगर पालिका स्तर पर, नगर निगम एवं जनपद में भी आयोजित करने का आह्वान उन्होंने किया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण साहू ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर शक्ति स्वरूपा मां थी। भारत की नारी शक्ति का बेहतरीन उदाहरण थी। रानी अहिल्याबाई होल्कर सर्व समाज की मां थी, इसलिए उनकी 300वीं जयंती को सर्व समाज के साथ मनाते उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने कहा कि कांग्रेस ने झूठा निगेटिव सेट कर देश के साथ धोखा किया है। महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्तव्य प्रणेता सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छुपाने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू एवं आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष भेषबाई साहू ने किया।



### सुशासन तिहार लोगों के लिए लेकर आया सौगातें

# शिविर में आवेदनों का हुआ समाधान, सामग्री का वितरण, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई क्षेत्र में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर का आयोजन 28 मई को पीएमश्री प्राथमिक शाला वार्ड 11 टिंकरीपारा में किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, पार्षद तामेश्वर साहू, अमन सोनी ,दिलीप ओगरे, मोहसीन खान एवं नारायण चतुर्वेदी ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्पहार अर्पण और पूजा अर्चना के साथ किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष राजू जंघेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता,त विभिन्न वार्डों के पार्षद, पूर्व पार्षद और अन्य मौजूद थे।

सभी विभागों ने शिविर में योजनाओं की जानकारी दी।समाधान शिविर का क्रियान्वयन जिला नोडल अधिकारी डीपी तिवारी जिला प्रबंधक, छग सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड एवं सीएमओ अविनाश देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन कमल किशोर नेताम ने किया।

## जनप्रतिनिधि हुए शामिल




### हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में जनप्रतिनिधियों ने 2 राशन कार्ड का वितरण किया। छह गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। आठ माह से अधिक आयु के 2 बालक-बालिकाओं को अन्न प्राशन कराया गया।35 किशोरियों को स्वच्छता किट प्रदान किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई ने 60 ओपीडी सेवाएं, 35 सिकलिन टेस्ट, 8 आयुष्मान कार्ड पंजीकरण, 300 आयुष्मान कार्ड का वितरण और 35 खून जांच किया। आयुष विभाग द्वारा 75 टेस्ट और दवा वितरण किया।श्रम विभाग ने 16 पंजीकरण एवं वितरण और लोक सेवा केंद्र ने 10 हितग्राहियों का लर्निंग लाइसेंस पंजीकृत किया।शिविर में कुल 128 नए आवेदन प्राप्त हुए।

### ग्राम पंचायत ढाबा के समाधान शिविर में 4905 से 4884 आवेदन निराकृत



गंडई पंडरिया। ग्राम पंचायत ढाबा में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 17 ग्राम पंचायतों की समस्याओं और मांगों का निराकरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने शिरकत की। इस दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, रिखी पटेल, मनोज चतुर्वेदी,सरिता पटेल उपस्थित थे।शिविर में 17 ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। सभी विभागों ने स्टॉल लगाए थे। पात्र हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

# कवर्धा नगर में एक चौराहा अहिल्या बाई होलकर के नाम से जाना जाएगा

### भाजपा शहर मंडल की अहिल्या बाई होलकर पर संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भाजपा मंडल और गड़रिया समाज के द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आज नगर के पाली पारा में स्थापित लोकमाता अहिल्या देवी होलकर की प्रतिमा के सामने संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अहिल्या बाई होलकर के जीवनी को साझा करते हुए बताया कि अहिल्या बाई बचपन से ही समाज में अपनी प्रतिभा के लिए जानी जाती थी, और सामाजिक उत्थान के लिए उन्होंने कई बड़े काम किए हैं। समाज के विकास, समाज के लोगो को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की। उनके दिखाएँ हुए रास्ते में हम सब मिलकर विकास की गति में हैं, इसी कड़ी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा के द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवन संघर्ष और सामाजिक सुधारों, सड़क एवं जल व्यवस्था, न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता, महिला सशक्तीकरण के संबंध में योगदान को सारगर्भित में समझाया गया। इसके साथ ही पाली समाज के लोगो ने भी अपनी आराध्य देवी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी को समाज के सामने रखें है वही कार्यक्रम के दौरान गड़रिया समाज के लोगों ने भाजपा सरकार के तरफ अहिल्या बाई होलकर की जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम की तारीफ की हैं। साथ ही गड़रिया समाज के युवा साथी राहुल पाली के नेतृत्व में समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष से कवर्धा नगर में यातायात थाना के सामने चौक को देवी अहिल्या बाई होलकर चौक के नामकरण करने की मांग की हैं। इस मांग की तारीफ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवशी ने कहा कि शहर के एक चौराहे का नाम अहिल्या बाई होलकर के नाम से जाना जाएगा। इस विषय पर सभी से चर्चा करके निर्णय किया जाएगा। इसके लिए समाज के लोगो ने भाजपा और नगर पालिका अध्यक्ष और जिला भाजपा का आभार व्यक्त किया। वही कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, शहर अध्यक्ष महिला नेत्री सतविंदर पाहुजा, नवीन ठाकुर, भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारी और चर्चा में कवर्धा जिला गडरिया समाज के पदाधिकारी सहित पाली समाज के लोग शामिल हुए।

## खेतों से हो रहे ट्यूबेल की तार नोजल की चोरी, किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम दशरंगपुर में किसानों को उस समय गहरा झटका लगा जब 26 मई की रात अज्ञात चोरों ने उनके ट्यूबवेल से केबल तार, नोजल और अन्य महत्त्वपूर्ण सिंचाई सामग्री चुरा ले गए । घटना का पता तब चला जब किसान सुबह खेत पहुंचे और ट्यूबवेल के केबल और नोजल गायब दिखे। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने गांव के लगभग पाँच ट्यूबवेल को निशाना बनाया और उनमें से विद्युत व पानी सिंचाई संबंधी महंगी सामग्री ले उड़े। क्षेत्र के पीड़ित किसान पुष्कर सिंह बैस, सुखी चंद्रवशी, कांशी साहू, रमेश यादव और हित्तु यादव ने इसकी सूचना पाण्डातराई थाने में दी और चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

किसानों ने बताया कि चोर चोरी के नियत से दिन में रेकी किए रहते है मौका पाकर केबल तार और नोजल जैसे कीमती सामान चोरी कर कबाड़ में बेच देते है पुलिस यदि अच्छे से जांच करे और कबाड़ियों से पूछ परख करे तो चोर पकड़े जा सकते है।

# भ्रष्टाचार की जड़े गहराई तक कमिशनखोरी बनी सिस्टम का हिस्सा

### कमिशनखोरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन नोटों की माला भेंट




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका में हुए घोटालों में फर्जी बिलिंग, ठेके में कमीशनखोरी, निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग, सफाई और पेयजल व्यवस्था में भारी लापरवाही जैसे गंभीर आरोप 6 सूत्रीय माँग को लेकर शहर कांग्रेस का नोटों की माला लेकर नगर पालिका के सामने प्रदर्शन किया गया। वही शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया की नगर पालिका में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटी जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। कांग्रेस यह अन्याय नहीं सहेगी।

हम शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी आंदोलन करेंगे और जनता के अधिकारों की रक्षा करेंगे। पार्षद भीखम कोशले ने कहा की नगर पालिका में सफाई व्यवस्था की बदहाली ने आम नागरिकों का जीना दूभर कर दिया है। जगह-जगह फैली गंदगी, नालियों की सफाई में लापरवाही, कचरे के नियमित उठाव में असफलता और फॉगिंग-सेनेटाइजेशन जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी अब सहन नहीं की जाएगी। नगरवासी लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं, परंतु नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। वही युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी कहा की शहर में कमीशन खोरी चरम सीमा पर है बिना निविदा निकाले अपने चहेतो को कार्य दिया जा रहा है, आधा अधूरा निर्माण कार्य करया जा रहा है आवसीय पट्टा प्रधानमंत्री आवास राशन कार्ड सहित मूलभूत सुविधा देने में पालिका प्रशाशन नाकाम है, इस दौरान नगर पालिका प्रत्याशी संतोष यादव पार्षद बिन्नू तिवारी सीता धुर्वे कांग्रेस कार्यकर्त्ता रामायण सिन्हा नगर पालिका प्रत्याशी यादव भुनेश्वर पटेल, मेहुल सत्यवंशी, गुड्डू ठाकुर, मिलन तिवारी, दीपक ठाकुर, अरविंद चंद्रवंशी, सुनील सेन, सुरेश वर्मा, हेमंत ठाकुर, जित्नेद्र दोषी, अमन वर्मा, नरेश साहू, सुरेश साहू, राजेंद्र चंद्रवंशी, राजा खांडे, आशीष चंद्रवंशी, ओमकालेश्वर कौशिक, रुपेश साहू, जावूदीन तवर, प्रशांत परिहार, उमेश साहू, गीतेश्वर साहू सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## शनि मंदिर प्रांगण में जिला पंचायत सदस्य ने कराया बोर खनन




हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

शनि मंदिर प्रांगण गौरकापा में मंदिर पर दर्शनों के लिए आने वाले भक्तों एवं क्षेत्रवासी एवं ग्रामीण कों अब पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। क्षेत्र की लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा राम गोपाल चंद्राकर एवं विवेक गिरी महाराज के मार्ग दर्शन से मंदिर परिसर में नवीन बोर खनन कराया गया जहां बोर खनन का भूमि पूजन जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 02 श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शनि मंदिर के पुजारी विवेक गिरी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने कहा कि यह बोर खनन परियोजना क्षेत्र के विकास और जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। वही शनि मंदिर मे क्षेत्र एवं पूरा जिला एवं प्रदेश के लोगों के आस्था केन्द्र है। बड़ी संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु श्री शनि देव जी के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। वही जिला पंचायत सदस्य चंद्राकर ने कहा कि शनि जयंती के शुभ अवसर सभी मेले में आने वाले भक्तों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहे थें। वही बोर खनन होने के बाद पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने श्रीमती चंद्राकर के प्रयासों की सराहना की और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## जन समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बीते दिनों कलेक्टर से मुलाकात कर बिजली कटौती, रोड, चिकित्सा समस्या से अवगत कराया। श्रीमती बघेल मांग पत्र सौंपते हुए घुमका स्वास्थ्य केंद्र में सफाई,वं सफाई स्टाफ की कमी, बिजली कटौती, लो वोल्टेज, डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स- रे के लिए अतिरिक्त भवन, पार्किंग सुविधा की मांग रखा। उन्होंने घोठिया से कोहकट्टा टोला -बरनारा खुर्द तक पक्की सड़क बनते तक मुरूम कार्य कराने की मांग किया ताकि क्षेत्रवासियो को आवागमन सुविधा मिल सके। उन्होंने मुड़िया में अवैध कब्जा आबादी जमीन घेरने की शिकायत करने के साथ आवास की राशि दिलाने की मांग रखा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच मुढिया चंद्रिका मंडावी, लालाराम वर्मा, मोरध्वज वर्मा, दयालु राम वर्मा, धर्मेंद्र मंडावी, नीलेश्वर वर्मा, पुष्पा साहू,कविता वर्मा,रुखमणी साहू, कीर्तन वर्मा, शिवकुमार वर्मा, नरेंद्र साहू, पतराम वर्मा, लोकनाथ साहू, वेदराम आदि उपस्थित थे।

## आरोप लगाने के बजाए सबूत पेश करे विधायक

**छुईखदान**। वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए पिपरिया जलाशय में विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी। इस प्रयास के लिए भाजपा सरकार बधाई की पात्र है। प्रदेश युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य विक्रांत चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कहा कि मिशन संडे के नाम से कांग्रेस विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसी स्थल पर पहुंचकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बदनाम कर रहे है। उन्होंने कहा कि अगर भ्रष्टाचार किया जा रहा है तो प्रमाण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन संडे के नाम से अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को धमकाना बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक निधि का जिस तरह से दुरुपयोग किया गया था उसे जनता जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी संडे को वसूली डे बनाकर घूम रहे हैं।

# सुशासन तिहार नागरिकों से सीधा संवाद का माध्यम

**राजनांदगांव**। सुशासन तिहार अंतर्गत 5 वार्डों के लिए दिग्विजय कॉलेज के पास आयोजित समाधान शिविर में महापौर मधुसूदन यादव एवं कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पार्षदों के साथ शामिल हुए। महापौर यादव ने कहा कि वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने एवं समस्या संबंधी आवेदन लेने के अलावा शासन की योजानाओं का लाभ देने सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। वार्ड नं. 37, 38, 39, 40 व 48 के लिए आयोजित शिविर में उक्त वार्ड से प्राप्त समस्या का समाधान बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन



तिहार नागरिकों से सीधा संवाद करने तथा उनकी समस्या का समाधान करने का सीधा माध्यम है। उसके अलावा शिविर में शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। महापौर यादव एवं राजपूत तथा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं पार्षदों ने सभी विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया और गर्भवती महिलाओ की गोदभराई की गई। महापौर यादव ने उपस्थितजनों से रूबरू होकर उनकी समस्या सुन संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि का वितरण कर किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क सेनेटरी नेपकीन का वितरण किया गया। आयुक्त विश्वकर्मा ने पांचों वार्ड से प्राप्त मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण बताया। दिग्विज कॉलेज के पास आयोजित शिविर में ही 20 आवेदकों का श्रम कार्ड, 15 का आधार अपटेट एवं 7 का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

### 29 को बक्शी स्कूल में शिविर

29 मई को सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक गौरवपथ स्थित पदुमलाल पुनालाल बक्शी स्कूल मैदान में वार्ड नं. 41, 42, 43 व 46 के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में सुनील साहू, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, केवरा विजय राय, शिव वर्मा, मणीभास्कर गुप्ता, जैनम बैद, अरूण साहू, विजय राय, अजय श्रीवास्तव, मोबिन अली, यूके रामटेके, दीपक खांडे के अलावा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## देव स्मरण करने से नहीं आती मानव के जीवन में विपत्तिः आचार्य प्रशांत महराज



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा सात दिवसीय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ के सातवें दिवस को, पंडित आचार्य प्रशांत महाराज जी के द्वारा बताया गया द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रादुर्भाव की कथा, महाशिवरात्रि व्रत महिमा की कथा सुनाई गई, कथावाचक आचार्य प्रशांत महाराज ने कहा कि आज का लोग टीवी सीरियल देखकर भगवान के प्रति अपने मन में भाव प्रकट करने लगे हैं, तथाकथित लेखक और टीवी सीरियल वालों ने सनातन धर्म की कथाओं को रोचक बनाने के लिए अपने हिसाब से तोड़ मरोड़ कर दिखा रहे हैं, लोग भी उसे सत्य मानते है। जब तक हम अपने रामायण गीता महापुराणों और वेदों का अध्ययन नहीं करेंगे तब तक अपनी संस्कृति सभ्यता और संस्कार का मर्म समझ नहीं सकते, उन्होंने कहा कि जिस तरह क्रोध आने पर मुंह से गाली निकलती है ठीक उसी तरह विपत्ति आने पर मुंह से भगवान का नाम निकले तो विपत्ति स्वतः टल जाती है, श्रोताओं से पूरा कथा पंडाल भरे महामाया प्रांगण कथा श्रवण करने कबीरधाम जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र घृतलहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, जिला मंत्री शेखर सिंगरौल, कुलेश्वर चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी सरपंच प्रतिनिधि अमलीमलगी मनहरण साहू मंडल ,उपाध्यक्ष श्रीमती भानुमति एवं मुख्य जजमान प्रकाश सिंह रोल साथ ही साथ कथा पंडाल में आसपास के क्षेत्र से भरी संख्या में श्रोतागढ़ उपस्थित थे। वही पंडित संजू मिश्रा, पंडित हेमंत शर्मा, कमलेश्वर शर्मा, हर हर महादेव समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से यह शिव महापुराण कथा का कार्यक्रम सफल रहा।